सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय में बाल – फिल्म प्रदर्शन

दिनांक 24 अगस्त 2017 को विद्यालय के कक्षा 6 से 11 के विद्यार्थीयों को बच्चों के लिए विशेष रूप से बनाई गईं फिल्में दियाई गईं । यह फिल्म चिल्ड्रन फिल्म सोसाइटी, इंडिया द्वारा निर्मित थी । यह एक स्वायत्तशासी संस्था है जो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। यह छात्रों में सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करती है। विद्यालय में इस फिल्म का प्रदर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड डवलपमेन्ट के सहयोग से किया गया । कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थीयों को फिल्म **"ये छक्ड़ बक्कड बम्बे बो"** दिखाई गई इस फिल्म के निर्देशक श्रीधर रंगायन थे। यह फिल्म चार बच्चों पर आधारित है जिनका साथ एक कुत्ता और गधा देते है । इस फिल्म में बताया गया है कि किस तरह ये चारो बच्चे अपने दोनो पशु मित्रों के साथ मिलकर समस्याओं को हल ढूँढ.कर उन पर विजय प्राप्त करते है। छात्रों ने उत्साहपूर्वक फिल्म का आनंद लिया और उसमें निहित संदेश ग्रहण किया।

कक्षा 9 से 11 के विद्यार्थियों के लिए **"फिल्म हैपी मदर्स डे"** को दिखाया गया । इस फिल्म में बताया गया कि किस तरह एक गरीब परिवार का बच्चा अपनी मम्मी के लिए मदर्स डे पर उपहार ला कर देता है। इस उपहार की व्यवस्था करने हेतु वह क्या क्या प्रयत्न करता है उनका संवेदनशील चित्रण फिल्म में किया गया । फिल्म में बच्चे का अपनी माँ के प्रति प्यार ,व सम्मान बनाया गया । छात्रों ने इस फिल्म को भी उत्साहपूर्वक देखा और फिल्म में दिए संदेश को ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम में डॉ रघुवेन्द्र शर्मा कमिश्नर राज्य बाल अधिकार आयोग, फ्रांसिस पी. एन्थनी निर्देशक आई. एस. आर. डी., लेखक ,कलाकार, गायक वैभव शर्मा,टेलीविजन शो कलाकार, (सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल, कपिल शर्मा शो)सिद्धि मालवीय व विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स उपस्थित थे । वैभव शर्मा व सिद्धि मालवीय ने छात्रों के मनोरंजन हेतु कार्यक्रम प्रस्तुत किया । सभी सम्माननीय अतिथियों ने छात्रों को यह संदेश दिया कि जीवन में कुछ भी बनने से पहले एक अच्छा इंसान बनना आवश्यक है। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स जी ने सभी सम्माननीय अतिथियों व आई. एस. आर. डी. के सभी सहयोगियों का आभार प्रदर्शन किया । यह कार्यक्रम श्री प्रशांत जी कार्यक्रम अधिकारी आई. एस. आर. डी. के दिशा निर्देशन में कराया गया ।